श्री बंशीधर नगर, सोमवार
01.12.2025
मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष द्वादशी संवत 2082
वर्ष : 04, अंक : 101

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:10 बजे
अस्त - 05:10 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 26 डिग्री से.
न्यूनतम : 10 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

भीषण दुर्घटना में आधा दर्जन लोग घायल >> पेज 03
हॉरर यूनिवर्स की नई स्टार बनीं दीपिका पादुकोण >> पेज 05

## सुविचार

अगर लक्ष्य को प्राप्त करना है तो बीच में आने वाली बाधाओं को पार करना होगा

## न्यूज अपडेट्स

### पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी मॉड्यूल का खुलासा, तीन धराये

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूल का खुलासा करते हुए तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। स्पेशल सेल की जांच में सामने आया है कि यह नेटवर्क पाकिस्तान में बैठे शहजाद भट्टी के निर्देशन में काम कर रहा था, जो वहां की खुफिया एजेंसी के इशारे पर भारत में हमलों की साजिशें रच रहा था। स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुमार कुशवाहा ने रविवार को पुलिस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता कर बताया कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है जिसे एक पाकिस्तानी नागरिक शहजाद भट्टी लीड कर रहा था। शहजाद भट्टी एक गैंगस्टर है जो अभी पाकिस्तान की इंटेलिजेंस एजेंसी के इशारे पर काम कर रहा है। उक्त मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें से एक पंजाब का हरगुनप्रीत सिंह है। दूसरा विकास प्रजापति है जो मध्य प्रदेश के दतिया का है और तीसरा आरिफ है जो उत्तर प्रदेश के बिजनौर का रहने वाला है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि हाल ही में 25 तारीख को गुरदासपुर सिटी पुलिस स्टेशन के सामने एक हैंड ग्रेनेड फेंका गया था, यही लड़के उस घटना में शामिल थे। इसके अलावा, स्पेशल सेल की जांच में यह भी पता चला है कि यह मॉड्यूल देश के कई अन्य संवेदनशील स्थानों पर हमले की तैयारी कर चुका था। आरोपितों ने कई जगहों की रेकी की थी और वहां की वीडियोग्राफी भी की थी, ताकि आगे ग्रेनेड हमलों को अंजाम दिया जा सके।

**क्रिकेट** रोहित-कोहली व राहुल के बाद कुलदीप-हर्षित व अर्शदीप ने बरपाया कहर

# द. अफ्रीका 17 रनों से हारा भारत को मिली 1-0 से बढ़त

**रांची।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को पहले वनडे में 17 रन से हराकर तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। रविवार को रांची के जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट कोहली के शतक और रोहित शर्मा तथा केएल राहुल के अर्धशतकों की मदद से 50 ओवर में आठ विकेट खोकर 349 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 49.2 ओवर में 332 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। मेहमानों की तरफ से मैथ्यू ब्रीत्जके (72), मार्को यानसेन (70) और कॉर्बिन बॉश (67) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। भारत के लिए कुलदीप यादव ने चार विकेट लिए जबकि हर्षित राणा ने तीन सफलताएं हासिल कीं। इसके अलावा अर्शदीप को दो और प्रसिद्ध कृष्णा को एक विकेट मिला। अब दोनों टीमें 3 दिसंबर को रायपुर में दूसरे मुकाबले में आमने-सामने होंगी।



लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत झटकों के साथ हुई। हर्षित राणा ने पारी के दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन को बोल्ड किया। इसके बाद क्विंटन डिकॉक को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच कराया। दोनों बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। टीम को तीसरा झटका महज 11 रन के स्कोर पर अर्शदीप सिंह ने दिया। उन्होंने कप्तान एडेन मार्करम को पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद मोर्चा टोनी डी जॉर्जी और मैथ्यू ब्रीत्जके ने संभाला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 66 रनों की साझेदारी हुई, जिसे कुलदीप यादव ने तोड़ा। उन्होंने जॉर्जी को एलीडब्ल्यू आउट किया। वह 35 गेंदों में 39 रन बनाकर लौटे। इसके बाद ब्रीत्जके को डेवाल्ड ब्रेविस का साथ मिला, लेकिन हर्षित राणा ने ब्रेविस को भी गायकवाड़ के हाथों कैच करा दिया। वह 27 रन बना पाए।

भारत के खिलाफ इस मुकाबले में मैथ्यू ब्रीत्जके, मार्को यानसेन और कॉर्बिन बॉश ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को उनके मंसूबों में कामयाब नहीं होने दिया। ब्रीत्जके 72, यानसेन 70, बॉश 67, सुब्रायन 17 और बर्गर 17 रन बनाकर आउट हुए।

### रोहित-कोहली की शतकीय साझेदारी

इससे पहले यशस्वी जायसवाल ने भारत को तेज शुरूआत दिलाई थी, लेकिन वह इस लय को बरकरार नहीं रख सके और विकेट के पीछे डि कॉक को कैच थमा बैठे। इसके बाद रोहित ने कोहली के साथ मिलकर मोर्चा संभाला और दोनों बल्लेबाजों के बीच 109 गेंदों पर 136 रनों की साझेदारी हुई। रोहित अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन मार्को यानसेन ने एलबीडब्ल्यू आउट कर उन्हें पवेलियन की राह दिखाई। इस तरह रोहित और कोहली के बीच यह साझेदारी टूट गई। रोहित 51 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 57 रन बनाकर आउट हुए। रोहित ने 43 गेंदों पर अपने वनडे करियर का 60वां पचासा पूरा किया। इसी के साथ रोहित और कोहली के बीच घर में वनडे में सबसे ज्यादा रनों की साझेदारी हुई। 41 पारियों में दोनों के बीच 2598 रनों की साझेदारी हुई। इस मामले में दूसरे स्थान पर कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने हैं, जिन्होंने 57 पारियों में 2596 रनों की साझेदारी की।

## रोहित ने रचा इतिहास, वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

**रांची।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा ने एक बार फिर अपने बल्ले से इतिहास लिख दिया। रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जा रहे पहले वनडे मुकाबले में रोहित ने तीन तूफानी छक्के लगाकर वनडे इतिहास का सबसे ज्यादा छक्का मारने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। रोहित अब वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा 352 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। यह रिकॉर्ड लंबे समय से पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी के नाम था, जिन्होंने 398 मैचों में 351 छक्के जड़े थे, लेकिन रांची की धरती पर रोहित ने यह मुकाम अपने अंदाज में ऊंचे और सीधी टाइमिंग वाले शॉट्स की बदौलत हासिल किया। रोहित शर्मा के इंटरनेशनल आंकड़े भी अब एक नए मील के पत्थर की ओर बढ़ रहे हैं। 503 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 19,959 रन बनाने वाले रोहित अब 20,000 रन पूरे करने से सिर्फ 61 रन दूर हैं। उनसे पहले भारत के लिए यह उपलब्धि सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और राहुल द्रविड़ हासिल कर चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रोहित के बल्ले की धमक हमेशा खास रही है। अब तक इस टीम के खिलाफ उन्होंने 56 मैचों में 61 छक्के ठोके हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों देशों के बीच सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड फिलहाल डेविड वॉर्नर (64) के नाम है। अगले मैच में सिर्फ चार छक्के लगाकर रोहित इस रिकॉर्ड को भी अपने नाम कर सकते हैं। भारतीय सरजमीं पर रोहित का प्रदर्शन हमेशा बेहतरीन रहा है। अभी तक वे देश में खेले गए 95 एक दिवसीय मुकाबले में 4924 रन बना चुके हैं। अगर वे अगले मुकाबले में 76 रन और जोड़ते हैं, तो घरेलू मैदान पर 5000 वनडे रन पूरे करने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे।

पहले वनडे में रोहित पूरी लय में दिखाई दिए। उन्होंने सिर्फ 51 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से शानदार 57 रन बनाए और रांची की भीगी-भीगी ठंडी शाम में दर्शकों को गर्मजोशी से झूमने पर मजबूर कर दिया।



पांच दिवसीय सत्र में अनुपूरक बजट सहित नए अध्यक्ष का होगा चुनाव

# बिहार : शीतकालीन सत्र आज से

**पटना।** नवनिर्वाचित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बनने के बाद अब 18 वीं विधानसभा का पहला सत्र सोमवार यानी 01 दिसंबर से शुरू होगा। शीतकालीन सत्र में पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण होगा। दूसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष का निर्वाचन होगा। तीसरे दिन राज्यपाल दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे और द्वितीय अनुपूरक बजट पेश होगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर उसके बाद चर्चा होगी और उसे सदन से पास कराया जाएगा। द्वितीय अनुपूरक बजट पर भी चर्चा के बाद सरकार उसे सदन से पास करायेगी। विधानसभा सत्र को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी चल रही है। इस बार विधानसभा को हाईटेक बनाया गया है। विधानसभा को सजाया संवारा जा रहा है। विधानसभा में बड़ी संख्या में नए विधायक चुन कर आए हैं, तो वहीं पुराने चेहरे भी देखने को मिलेंगे। पांच दिवसीय विधानसभा सत्र को लेकर विधानसभा की ओर से अधिसूचना जारी हो गई है। विधानसभा की ओर से जारी की



गई सूचना के अनुसार विधानसभा की कार्यवाही में 01 दिसंबर को नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण होगा, 02 दिसंबर को विधानसभा के नए अध्यक्ष का निर्वाचन, 03 दिसंबर को 11:30 से बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन सेंट्रल हॉल में बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के एक साथ बैठक में राज्यपाल का अभिभाषण। इसके बाद राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों को सभापति पर रखा जाएगा। तीन दिसंबर को ही सरकार की ओर से द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा और अंत में विधानसभा अध्यक्ष शोक प्रस्ताव पढ़ेंगे। 04 दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी और चर्चा के बाद सरकार का उत्तर होगा। फिर सरकार धन्यवाद प्रस्ताव सदन से पास करायेगी। और आखिरी दिन पांच दिसंबर को द्वितीय अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी जिसमें विपक्ष और सत्ता पक्ष के सदस्य भाग लेंगे और फिर चर्चा के बाद सरकार का उत्तर होगा सरकार द्वितीय अनुपूरक बजट उत्तर के बाद पास करायेगी।

### नरेंद्र नारायण यादव बने हैं प्रोटेम स्पीकर

नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाने के लिए प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति हो गई है। राज्यपाल ने शपथ भी दिल दी है। जदयू के वरिष्ठ नेता और मधेपुरा के आलमगंज से लगातार आठवीं बार विधानसभा चुनाव जीतने वाले नरेंद्र नारायण यादव के जिम्मे प्रोटेम स्पीकर की जिम्मेदारी है।

## विपक्ष से सहयोग की अपील

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से एक दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक को सौहार्दपूर्ण बताते हुए उम्मीद जतायी है कि सत्र के सुचारू संचालन में सभी दलों का सहयोग मिलेगा। बैठक में विपक्षी नेताओं ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा उठाया। इसके अलावा विपक्ष ने सुरक्षा, लोकतंत्र और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। सरकार ने विपक्ष से सहयोग की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि सरकार विपक्ष की ओर से उठाए जा रहे सभी मुद्दों पर विचार करेगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रविवार को संसद भवन के संसदीय सौध में आयोजित बैठक में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा, संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल, लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई सहित विभिन्न पार्टियों के फ्लोर लीडर ने भाग लिया। संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि इस सत्र के दौरान विधायी और अन्य कामकाज को मिलाकर 14 मदों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार दोनों सदनों के नियमों के अनुसार सदनों के पटल पर किसी भी अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार है।

# सीएनटीझ्रएसपीटी की रक्षा नहीं होगी तो समिति 3 जनवरी से मनाएगी उलगुलान वर्ष : लक्ष्मीनारायण




**रांची।** राज्य स्थापना की रजत जयंती पर आदिवासी समन्वय समिति, आदिवासी जन परिषद और झारखंड उलगुलान संघ की ओर से रविवार को रांची में झारखंड के 25 वर्ष : क्या खोया, क्या पाया, विषय पर चिंतनझ्रमंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने राज्य गठन के बाद भी आदिवासी-मूलवासी समुदायों के अधिकारों की अनदेखी पर गहरी चिंता जताई। कार्यक्रम में आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा ने कहा कि झारखंड में लूट-खसौट की सरकार चल रही है। राजनेता और अफसर संवैधानिक नियमों का उल्लंघन कर माफिया राज स्थापित करने में लगे हैं। उन्होंने ने कहा कि झारखंड ने हमने राज्य तो प्राप्त कर लिया, पर स्वराज खो दिया है। सम्मान, हक और पहचान की जगह आदिवासियों को हाशिये पर धकेला गया। कार्यक्रम में निर्णय लिया गया कि यदि राज्य सरकार तत्काल सीएनटीझ्रएसपीटी की रक्षा, 1932 आधारित स्थानीय नीति और पेसा का पूर्ण क्रियान्वयन नहीं करेगी, तो तीन जनवरी 2026 से उलगुलान वर्ष मनाया जाएगा। वहीं आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि अलग राज्य मिलने के बावजूद जनता को अबुआ राज नहीं मिल पाया। पेसा और जमीन कानून अब भी कागजों में सिमटा हुआ हैं। उलगुलान संघ के संयोजक अलेयस्टर बोदरा ने आरोप लगाया कि नौकरशाही संवैधानिक अधिकारों को कुचल रही है और न्यायिक आदेशों तक की अनदेखी हो रही है। वहीं कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डब्लू मुंडा ने झारखंड को लूटखंड की संज्ञा देते हुए कहा कि राज्य बदहाली के कगार पर है। परिचर्चा में कई लोग मौजूद थे।

**न्यूज अपडेट्स**

## राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में झारखंड की सविता ने जीता रजत पदक

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की अगुवाई में 69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को सविता मुर्मू ने अंडरझ्र19 बालिका जैवलिन थ्रो में रजत पदक जीता। हरियाणा के भिवानी स्थित भीम स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में सविता मुर्मू ने अपनी मजबूत तकनीक, बेहतर थ्रो नियंत्रण और अदम्य जज्बे का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने सविता की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि राज्य की खेल नीतियों और सतत प्रशिक्षण का सकारात्मक परिणाम है। सविता भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी बड़े पदक जीतने की क्षमता रखती हैं। सविता मुर्मू की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग, राज्य खेल कोषांग के सदस्य, कोच ज्ञान प्रकाश, सिद्धू किस्कू, मैनेजर हिमाद्री और नीरज कुमार ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**क्रिकेट** रांची में भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे सीरीज का आगाज

# स्टेडियम में उमड़ा जनसैलाब

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में रविवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला शुरू हो गया है। मैच को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह होते ही स्टेडियम के बाहर भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई और माहौल क्रिकेट रंग में रंग गया।

विराट कोहली और रोहित शर्मा की झलक पाने के लिए हजारों प्रशंसक जर्सी पहनकर लाइन में खड़े नजर आए। स्टेडियम के भीतर और बाहर नीली जर्सियों का सागर उमड़ पड़ा। खास बात यह है कि इस मैच को देखने देश के कई राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी दर्शक पहुंचे हैं।



### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

सुबह 9 बजे से ही दर्शकों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। पूरा स्टेडियम परिसर पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। लगभग 5000 पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। हर प्रवेश द्वार पर सख़्त जांच की व्यवस्था की गई है। ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। क्विक रिस्पॉन्स टीम लगातार गश्त पर है। सुरक्षा व्यवस्था की खुद रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन मॉनिटरिंग कर रहे हैं। स्टेडियम के बाहर बच्चों और युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। कई लोग अपने चेहरे पर तिरंगा पेंट करवा रहे हैं। दुकानों पर टीम इंडिया की जर्सी, झंडे और बैंड की खूब बिक्री हो रही है। अंदर स्टेडियम में भी भारतीय तिरंगा लगातार लहराता दिखाई दे रहा है।

### मैच अपडेट

साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय कप्तान केएल राहुल ने बताया कि टीम पूरी तरह तैयार है और पहले बल्लेबाजी का फैसला इसलिए लिया गया, क्योंकि रात में ओस पड़ने की संभावना रहती है।

इस मैच में रोहित शर्मा और विराट कोहली लगभग 9 महीने बाद भारतीय घरेलू मैदान पर इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं, जिससे दर्शकों में उत्साह और बढ़ गया है।

### प्लेइंग 11

**भारतः** केएल राहुल (कप्तान/विकेटकीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, ऋतुराज गायकवाड़/तिलक वर्मा, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा।

**साउथ अफ्रीकाः** टेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, ऐडन मार्करम, रायन रिकेल्टन/टोनी डी जॉर्जी, मैथ्यू ब्रीट्जकी, डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को यानसन, कॉर्बिन बॉश, प्रनेलन सुब्रायन, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी/नांद्रे बर्गर।

## 'मन की बात' पुरातनता, नवीनता और सनातन विरासत से भरपूर है: बाबूलाल



**रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा ने रविवार को राज्यभर के बूथों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 128वें एपिसोड को सुना। कार्यक्रम में आम जनता के साथ भाजपा के पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका में मन की बात कार्यक्रम को सुना, जबकि कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने अपने पैतृक गांव कुचू (ओरमांझी) में कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, तथा प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने भी कार्यकताओं के साथ सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम के बाद बाबूलाल मरांडी ने कहा कि, हर बार की तरह मन की बात का 128वां एपिसोड भी अद्भुत जानकारियों और प्रेरणाओं से परिपूर्ण रहा। भाजपा के करोड़ों कार्यकताओं और जनता को इसका बेसब्री से इंतजार रहता है। उन्होंने बताया कि आज के एपिसोड में देश के उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम तक की विशेषताओं पर प्रेरक चर्चा हुई। भारत की सांस्कृतिक विरासत, प्रतिभावान युवाओं की उपलब्धियां, खेल जगत के प्रदर्शन, श्रीराम मंदिर पर धर्म ध्वजा आरोहण, काशी-तमिल संगम, तथा सनातन संस्कृति से जुड़े विषय प्रमुख रहे। मरांडी ने आगे कहा कि त्योहारों में ह्यवोकल फॉर लोकलह्ण के प्रचार-प्रसार ने आत्मनिर्भर भारत को मजबूत बनाया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा विदेशी मेहमानों को भारत की सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े उपहार भेंट करने से विश्व पटल पर भारत की सांस्कृतिक विरासत का गौरव बढ़ा है।

## झारखंड राज्य क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के लिए 18 एथलीट चयनित



**रांची।** यहां होटवार जेल रोड में रांची जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में रविवार को रांची जिला क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता से कुल 18 एथलीटों का चयन किया गया है, जो आगामी सात दिसंबर को लातेहार में आयोजित होने वाली झारखंड राज्य क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में रांची जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। संघ के अधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। संघ के प्रभाकर वर्मा ने बताया कि चयनित एथलीटों में अमित कुमार, रोशन कुमार रविदास, रोहन पाहन, चिराग भेंगरा, अनूप उरांव, सिरील टोप्पो, प्रकाश मुंडा, रंजीत महतो, प्रीतम उरांव, हरीश महतो, संजय महतो, रोहित पाहन, सुमन कुमारी, सीमा कुमारी, मंजू कुमारी, अंजलि कुमारी, रिया कुमारी और रितु कुमारी के नाम शामिल हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में तकनीकी पदाधिकारियों में विशेष रूप से प्रभाकर कुमार वर्मा, विनोद कुमार, राकेश सिंह, राम प्रसाद, राजू साहू, अगनू उरांव, राघवेंद्र कुमार, नरेश कुमार, प्रेम कुमार, विकास कुमार और श्याम उरांव सहित अन्य लोगों का अहम योगदान था।

## झारखंड आदिवासी छात्र संघ ने केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** झारखंड आदिवासी छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव के नेतृत्व में केंद्रीय आदिवासी मामलों के मंत्री जुएल ओराम से रांची में मुलाकात की और आदिवासी छात्रों की छात्रवृत्ति, शिक्षा, रोजगार और अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

झारखंड आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव ने कहा कि झारखंड



देश के कुल खनिज भंडार का लगभग 40 प्रतिशत देता है, लेकिन राज्य की 26.3 प्रतिशत आदिवासी आबादी शिक्षा और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने आरक्षित पदों की रिक्तता और प्रमोशन में आरक्षण न मिलने की समस्या भी उठाई। झारखंड के ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट (टीआरआई) सर्वे के हवाले से विवेक तिर्की ने बताया कि अधिकांश आदिवासी परिवार गरीबी, निरक्षरता, कुपोषण और भोजन संकट से जूझ रहे हैं, और केवल 16 फीसदी छात्र मैट्रिक के बाद आगे पढ़ाई कर पाते हैं। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति की लंबित राशि जारी करने, पेसा एक्ट को लागू करने, ट्राइबल सब प्लान और डिस्ट्रिक मिनिरल्स फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड के पारदर्शी उपयोग तथा बाहरी विस्थापन (18.6 प्रतिशत) की समस्या पर केंद्र सरकार से कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में जलेश्वर भगत, मनोज उरांव, विवेक तिर्की, प्रकाश भगत, मनीष उरांव, सुलेखा कुजूर, कार्तिक उरांव, दिनेश उरांव, रंजीत उरांव सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

### कार्यकारिणी की बैठक में झारखंड के विभिन्न जिलों का दौरा करने का निर्णय

# व्यापारियों की समस्याओं का निदान करेंगे चेंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्तमान सत्र की कार्यकारिणी समिति की तीसरी बैठक, अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा की अध्यक्षता में चेंबर भवन में रविवार को हुई।

बैठक में राज्य भर के व्यापारियों की समस्याओं पर त्वरित पहल के उद्देश्य से दिसंबर माह से चेंबर अध्यक्ष की और से विभिन्न जिलों का दौरा कर जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ संवाद स्थापित



करने की बात कही गई। बैठक के दौरान वर्तमान सत्र के लिए कुल 17 उप-समितियों के गठन और उनके चेयरमैन के मनोनयन को कार्यकारिणी समिति ने स्वीकृति दी। मौके पर उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया और राम बांगड़ ने संयुक्त रूप से कहा कि उप-समितियों की सक्रियता के कारण राज्यस्तरीय समस्याओं के समाधान में चेंबर को निरंतर सफलता मिल रही है। संथाल परगना के कुछ जिलों, विशेषकर गोड्डा और पाकुड़ में परिषद की ओर से एंट्री और एग्जिट टैक्स के नाम पर वाहनों से अवैध टोल वसूली जारी रहने पर भी चिंता व्यक्त की गई। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (संथाल परगना) संजय अग्रवाल ने बताया कि फेडरेशन के प्रयासों से पूर्व में साहेबगंज में ऐसी वसूली रोक दी गई थी, लेकिन विभागीय निर्देश के बावजूद अन्य जिलों में यह अब भी जारी है, जबकि विभाग का निर्देश सभी जिलों के लिए प्रभावी होना चाहिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए चेंबर अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि विभागीय सचिव से जल्द मुलाकात कर इस पर त्वरित समाधान का आग्रह किया जाएगा। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (कोयलांचल) अमरजीत सिंह सलूजा ने कोयलांचल क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याओं से कार्यकारिणी को अवगत कराया। अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने आश्वस्त किया कि त्वरित कार्रवाई की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर विभागीय मंत्री एवं सचिवों से मिलकर समाधान निकाला जाएगा। बैठक में सह-सचिव नवजोत अलंग और रोहित पोद्दार ने 16 आजीवन सदस्य और 2 साधारण सदस्यों के सदस्यता आवेदन प्रस्तुत किए, जिन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृति दी। बैठक में चेंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, राम बांगड़, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह-सचिव नवजोत अलंग, रोहित पोद्दार, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित थे।

# विश्रामपुर : नप का सीसीटीवी कैमरा, पूजा ज्वेलर्स व बर्तन घर में हुई भीषण चोरी के बाद खुली पोल



वेणुगोपाल

**विश्रामपुर :** शहर में व्यवसायियों की सुरक्षा व अपराध पर नियंत्रण रखने के लिये नगर परिषद की ओर से लगाई गई सीसीटीवी कैमरा केवल दिखावा बन कर रह गया है। नगर परिषद के कर्मियों की अनदेखी व नियमित रख रखाव देखभाल के आभाव में सभी कैमरा काम करना कब का ही बंद कर दिया है। इसका खुलासा तब हुआ जब मंगलवार की रात शहर स्थित पूजा ज्वेलर्स व बर्तन घर में भीषण चोरी की घटना हुई। घटना के दौरान अपराधियों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा को न सिर्फ क्षतिग्रस्त कर दिया था। बल्कि उसके डीवीआर को भी साथ लेकर चले गये। अनुसंधान के क्रम पुलिस को जब अपराधियों की गतिविधियों की जानकारी हासिल करने के लिये सीसीटीवी में कैद हलचल को देखने की जरूरत महसूस हुई तब वहां नगर परिषद की ओर से लगाया गया कैमरा न जाने कब से बंद पड़ा था। इस बात को लेकर आम लोगों में काफी नाराजगी व आक्रोश दिखा। वहां उपस्थित लोगों ने कहा कि नगर परिषद को केवल होल्डिंग टैक्स चाहिये उसे लोगों की सुविधाओं से कोई लेना देना नहीं है। इतना ही नहीं शहर में सड़क के किनारे लगे अधिकांश स्ट्रीट लाईट भी केवल पोल का शोभा बढ़ा रहा है। व्यवसायियों ने नगर परिषद के अधिकारियों से शहर में लगे सीसीटीवी कैमरा व खराब पड़े स्ट्रीट लाईट की मरमति कराने की मांग की है। ताकि आपराधिक घटनाओं पर नजर रखने व अंकुश लगाने में मदद मिल सके।कार्यपालक पदाधिकारी जयपाल सिंह ने बताया कि कैमरे व स्ट्रीट लाईट की मरम्मति करवाई जा रही है। ऐसे रेहला व विश्रामपुर शहर के मुख्य चौक चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिये डीपीआर तैयार किया जा रहा है, स्वीकृति मिलते ही उसे कार्यरूप दिया जायेगा।

## न्यूज अपडेट्स

### बाइक चोर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के कैरो थाना पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। लोहरदगा के पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कैरो के चरिमा बगीचा के पास चोरी की बाइक की खरीद बिक्री का कार्य होने वाला है। सूचना के आधार पर तत्काल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर चरिमा बगीचा के पास छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान दो व्यक्ति भागने लगे,जिसे सशस्त्र बल के साथ दौडा कर पकडा गया। एक व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। पकड़े गए व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम जसीम अंसारी बताया गया। फरार व्यक्ति का नाम पता पूछने पर गिरफ्तार आरोपित ने बताया कि वह मेरा दोस्त मेराज खान है। इसके बाद छापेमारी कर पुलिस ने बगीचा के पास दो बाइक बरामद किया । दोनों बाइक चोरी कर बेचने के लिए लाया गया था। पूछताछ के क्रम में आरोपित जसीम अंसारी ने बताया कि समसुल अंसारी उर्फ शंभु एवं फैजल खान के जरिये चोरी कर और दो बाइक बेचने के लिए दिया गया जो मेरे घर के आंगना में खडा है। दोनों बाइक बरामद किया गया। इस संबंध में कैरो थाना में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## श्री बंशीधर नगर

### पाल्हे कला फ्लाई ओवर पर भीषण दुर्घटना

# आधा दर्जन लोग घायल

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर-गढ़वा मुख्य मार्ग पर यहां पाल्हे कला फ्लाई ओवर पर रविवार को करीब दस बजे हुई भीषण सड़क दुर्घटना में स्कार्पियो में सवार आधा दर्जन महिला-पुरुष घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को घटनास्थल से ही इलाज के लिये जिला मुख्यालय गढ़वा ले जाया गया। जबकि चार घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये चिकित्सकों ने घायल नीलिमा द्विवेदी व मनोज दुबे को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। वहीं गढ़वा में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल रागिनी द्विवेदी को बेहतर इलाज के लिये रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। घायलों में श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जमुई गांव निवासी 55 वर्षीय नीलिमा द्विवेदी पति सत्येंद्र कुमार, 54 वर्षीय मनोज दुबे,



रागिनी द्विवेदी पति संजय दुबे, ममता रानी शुक्ला, 62 वर्षीय राजकुमार ठाकुर व मेराल थाने के हासनदाग गांव निवासी लाईची राम के नाम शामिल हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात गढ़वा में जमुई निवासी ओमप्रकाश दुबे के पुत्र ऋषि राज भारद्वाज की शादी हुई थी। शादी के बाद सभी लोग पैतृक गांव जमुई में चौथारी छुड़ाने जा रहे थे। रास्ते में चालक का गति पर नियंत्रण नहीं रहा और तेज रफ्तार स्कार्पियो ओवर ब्रिज पर खड़े पानी के टैंकर से टकराते हुये कुछ दूरी पर खड़े हाईवा से जा टकराई। बताया जाता है कि यदि आगे हाईवा नहीं खड़ा रहता तो स्कॉर्पियो ओवर ब्रिज से सीधे नीचे गिर जाती तथा भयंकर जान माल का नुकसान हो सकता था। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो का पानी टैंकर में इतनी जोरदार टक्कर थी कि स्कॉर्पियो के दाहिने साईड का चक्का टूटकर सड़क पर दौड़ने लगा। वहीं टैंकर से टक्कर के बाद करीब डेढ़ सौ फीट तक स्कॉर्पियो सड़क पर तीन चक्का पर चलते हुये हाईवा में जा टकराया। दुर्घटना में स्कॉर्पियो के आगे का परखचा उड़ गया।









## पुलिस ने एक ट्रक खैर की अवैध लकड़ी किया जब्त, तीन गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज

**रेहला :** थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सिगसिगी के इलाके में छापेमारी कर तस्करी के लिये जा रही एक ट्रक खैर की अवैध लकड़ी को जब्त किया है। रेहला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सिगसिगी मोड़ के निकट से एक लोड ट्रक जब्त कर थाना लाकर पार्क किया है। छानबीन के दौरान जब्त ट्रक में खैर का अवैध



लकड़ी लदा हुआ था। वहां मौजूद लोगों से सम्बंधित कागजात की मांग की गई लेकिन न तो कोई कागजात दिखाया गया और न ही संतोष जनक कोई जबाब दिया गया। पुलिस ने इस अवैध कारोबार में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में गढ़वा के रहने वाले चंकी पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय, हस्बुल्लाह अंसारी और बिहार के बक्सर के रहने वाले रंजीत मुखिया को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि मामला दर्ज कर गिरफ्तार तीनों लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।।जिस ट्रक पर खैर की लकड़ी को रखा गया था, वह ट्रक हरियाणा नंबर का है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है।

## पांडू में नवनियुक्त सहायक आचार्यों को महासंघ की ओर से किया गया सम्मानित



**पांडू :** प्रखंड कार्यालय परिसर में रविवार को झारखंड प्रदेश सहायक अध्यापक महासंघ की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में नवनियुक्त सहायक आचार्यों को सम्मानित किया गया। संघ के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में महासंघ के प्रदेश महासचिव सिंटू सिंह ने सभी सफल सहायक आचार्य को बेहतर भविष्य की मंगल कामना करते हुये कहा कि कोई भी शिक्षक जहां कहीं भी पदस्थापित रहें वे सदैव अपने मातृ संगठन को अपने हृदय में बसाये रखें। ताकि उसी संगठन के संघर्षों से खुले रास्तों के कारण ही यह सुनहरा दिन सामने आया है। वहीं महासंघ के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा संगठन को मजबूत बनाएं ताकि शेष सहायक अध्यापकों को भी मंजिल तक पहुंचाया जा सके। पांडु उपभोक्ता संघ के अध्यक्ष भाई गोविंद सिंह ने भी कार्यक्रम में शामिल नवनियुक्त सहायक आचार्यों को इस सफलता पर उन्हें बधाई देते हुये सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है। कार्यक्रम में उंटारी प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश सिंह, संगठन मंत्री अनिल ठाकुर, सचिव उदय महतो, रघुनाथ प्रजापति ने भी अपना विचार व्यक्त किये। पारा शिक्षक (सहायक अध्यापक) से सहायक आचार्य बने विजय पांडेय, सतीश सिंह, प्रमेन्द्र ठाकुर, शंभू पांडेय, अजय पाल, संजय मेहता, उपेन्द्र प्रभाकर, मंगल पांडेय, बीरबल पासवान, उपेन्द्र गुप्ता एवं रघुनाथ प्रजापति को अतिथियों एवं महा संघ के सदस्यों ने पुष्पाहार व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर सरस्वती कुशवाहा, गया राम, सुरेंद्र तिवारी, नय्यर रजा, उदय वर्मा, लालबिहारी यादव, बीरबल सिंह खरवार, सुशील सिंह, सुदामा पासवान, देवेंद्र आजाद, सुनील सिंह समेत कई सहायक अध्यापक शामिल थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम




**श्री बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर सप्तशक्ति संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि उषा सिंह, विशिष्ट अतिथि हर्षदा चौबे, नगर पंचायत उपाध्यक्षा व मातृ भारती अध्यक्षा लता देवी एवं जिला संयोजिका आरती श्रीवास्तव ने भारत माता, ओम व मां शारदे के चित्र के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नारी शक्ति को समर्पित इस कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं प्रश्नोत्तरी आचार्या नीति कुमारी के द्वारा की गई। श्रीमती उषा सिंह ने कहा कि कुटुंब प्रबोधन एवं पारिवारिक व्यवस्था सर्वोपरि ही नारी सशक्तिकरण की रीढ है। विश्व में मातृशक्ति का स्थान सर्वोपरि है, जहां महिलाओं का सम्मान होता वहां देवताओं का वास होता है। हर्षदा चौबे ने अपने व्याख्यान में कहा कि गौ माता, तुलसी माता एवं धरती माता के प्रति निष्ठा भाव होना आवश्यक है। माता बच्चों की पहली गुरु होती है, इसलिये "मातृ देवो भव" का भाव हमारे समाज में व्याप्त हो। कार्यक्रम के मध्य में जीजाबाई, रानी दुर्गावती, अहिल्याबाई होल्कर, रानी लक्ष्मीबाई, स्वामी विवेकानंद की दिव्य झांकियां विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा प्रस्तुत की गई, जो सभी महिलाओं के लिये आकर्षण का केंद्र रहा। विशिष्ट माताओं के रूप में आगंतुक तारा देवी और लक्की देवी सहित अतिथियों का सम्मान किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का अनुभव कथन अभिभाविका नेहा देवी एवं निधि भारती ने किया। मंच संचालन तन्वी जोशी ने किया। इस सप्तशक्ति संगम समारोह में कुल 445 महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य रविकांत पाठक सहित समस्त आचार्य जी एवं दीदी जी की अहम भूमिका रही।

### अवैध संबंध बनाने पर राजी नहीं हुई महिला तो रच डाली पति हत्या की साजिश

# पुलिस ने आरोपी पारा शिक्षक सहित सुपारी किलर को किया गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज

**छतरपुर :** पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिलदाग में स्कूल में काम कर रही रसोईया से अवैध संबंध बनाने में विफल पारा शिक्षक सत्यदेव विश्वकर्मा को रसोईया के पति की हत्या की सुपारी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीन सुपारी किलर को भी पकड़ा है। एसपी रीष्मा रमेशन ने रविवार को ऑफिस के सभागार में पत्रकारों को बताया कि 29 नवंबर को गुप्त सूचना



मिलने पर छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के नेतृत्व में कार्रवाई की गई और हत्या की घटना को अंजाम देने से पहले पारा शिक्षक और तीन सुपारी किलर को गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार पारा शिक्षक सत्यदेव विश्वकर्मा स्कूल में रसोईया के रूप में कार्यरत महिला पर अवैध संबंध बनाने की कोशिश में था। महिला ने जब इससे इनकार कर दिया और लगातार प्रेशर देने पर इसकी जानकारी पति को दी। जिसके बाद पति महिला के पति से विवाद हो गया। विवाद के बाद पारा शिक्षक ने उसकी हत्या की योजना बनाई। उसने तीन अपराधियों को 40 हजार की सुपारी दी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना से पहले कार्रवाई करते हुए पारा शिक्षक और तीन सुपारी किलर को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा गोली और दो चाकू बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में राजवंश परहिया, राजू साव, मंटू कुमार परहिया और पारा शिक्षक सत्यदेव विश्वकर्मा शामिल हैं। पारा शिक्षक सिलदाग का रहने वाला है। जबकि सुपारी किलर कुंडौली के टोला खोंगा के रहने वाले हैं। पहले गोली मारने की योजना थी। गोली नहीं लगने पर चाकू से हत्या करने की योजना थी। राजवंश परहिया गोली मारने की तैयारी में था। वही राजू और मंटू चाकू से हत्या करने की तैयारी में थे। गिरफ्तार अपराधियों में राजवंश परहिया डकैती कांड में पहले भी जेल जा चुका है। पारा शिक्षक की उम्र 55 वर्ष है और उसके चार बेटा बेटी हैं। कुछ बच्चों की उसने शादी भी कर दी है।

# आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से जरूरतमंदों के बीच किया गर्म कपड़े का वितरण



बंशीधर न्यूज

**मेराल :** आनंद मार्ग प्रचारक संघ शाखा आनंद मार्ग रिलीफ टीम की ओर से गोंदा मेराल में रविवार को दर्जनों जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म कपड़े और कंबल वितरण किया गया। गोंदा में मिथिलेश देव के गृह प्रवेश के अवसर पर आयोजित विशेष सत्संग के समापन के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुये आचार्य हरिकृपानंद अवधूत ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति के त्रिस्तरात्मक भौतिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन के लिये साधना, सेवा एवं त्याग को अपनाकर जीवन यापन करना अतिआवश्यक है। अन्यथा दुश्चिंता, विभेद एवं दुख का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर उपस्थित आचार्य अवनिद्रानंद अवधूत, गोपीकृष्णानंद, हरिकृपानंद, अवधूतिका आनंद चयनिका आचार्या, मेराल के विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, जिला भुक्ति प्रधान धर्मेंद्र देव आदि ने भी जीवन के मूल्यों पर अपने-अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर तथा अन्य सार्वजनिक जगहों पर उपरोक्त अतिथियों द्वारा जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुये धर्मेंद्र देव ने बताया की बढ़ते ठंड के मद्देनजर आनंद मार्ग द्वारा ₹नर सेवा ही नारायण सेवा है ₹ की भावना से ऐसी सेवा कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा प्रेम, शांति और बंधुत्व के लिये हम सबको परस्पर सहयोग की अत्यंत आवश्यकता है। कार्यक्रम में डॉ रामानुज, आरती, कुमारी निर्मला, उर्मिला, अनुपमा देव सहित कई आनंदमार्गी बंधु शामिल थे।

## न्यूज अपडेट्स

### जुगसलाई में 12 लाख के रत्न चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जुगसलाई चौक बाजार स्थित एक ऑप्टिकल्स एवं स्टोन्स की दुकान से तकरीबन 12 लाख रुपये मूल्य के कीमती रत्नों की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले आरोपित की पहचान कर उसे रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक का नाम अरबाज खान है, जो जुगसलाई के पंछी मुहल्ला का रहने वाला है। घटना 29 नवंबर की सुबह 10:30 से 10:50 बजे के बीच हुई, जब दुकान मालिक करण सिंह कुछ देर के लिए शौचालय गए थे। इसी दौरानआरोपित ने मौके का फायदा उठाकर रत्न लेकर चंपत हो गया। दुकान में लगे कैमरों में आरोपित की हरकत कैद हो गई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। फुटेज देखकर मुखबिरों ने भी उसकी पुष्टि कर दी थी। वहीं, सोशल मीडिया पर चोरी की खबर और तस्वीर वायरल होने के बाद आरोपित के घरवालों को भी घटना की जानकारी हो गई थी। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई पूरी कर ली है और उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की तैयारी की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र के दुकानदारों में राहत का माहौल है।

**गढ़वा** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी के विकास माली ने कहा

# सजेगी 551 कन्याओं की शादी की डोली

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी इस वर्ष 551 कन्याओं की डोली सजायेगा। इसकी जानकारी सोसाईटी के सचिव विकास कुमार माली ने प्रेसवार्ता आयोजित कर दी। साथ ही सचिव ने इस दौरान संस्था की आगामी योजनाओं, सामाजिक गतिविधियों और सामूहिक विवाह आयोजन को लेकर मीडिया को बताया।सचिव श्री माली ने बताया कि संस्था लगातार तीसरे वर्ष जिले की बेटियों का सामूहिक विवाह कराने जा रही है। संस्था ने 551 कन्याओं की डोली सजाने का लक्ष्य रखा है। यह अपने आप में एक ऐतिहासिक और समाजिक रूप से महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी



धूमधाम से कराई जायेगी। इसके लिये पात्र कन्याओं के चयन के लिये सर्वे कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने जिले के सभी लोगों से अपील की है कि जिस प्रकार पिछले वर्षों में संस्था को सहयोग मिला। उसी प्रकार इस वर्ष भी सामूहिक विवाह को सफल बनाने में अपना योगदान दें। संस्थान का उद्देश्य केवल विवाह संपन्न कराना नहीं, बल्कि कन्याओं को सम्मानजनक तरीके से उनके नये जीवन की शुरूआत का अवसर प्रदान करना है। सचिव ने बताया कि संस्था केवल सामूहिक विवाह तक सीमित नहीं है, बल्कि गढ़वा शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाने के लिये भी लगातार जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। पिछले कुछ महीनों में संस्था ने नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में सफाई कार्य को गति दी है। कई इलाकों में जमे कचरे को हटाने, नालियों की मरम्मत और जल निकासी संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया है। उन्होंने बताया कि सर्वे के दौरान संस्था के सदस्यों ने पाया कि नगर परिषद क्षेत्र के अधिकांश मोहल्लों में स्ट्रीट लाईटें खराब पड़ी हुई हैं, जिससे रात के समय लोगों को अंधेरे में आवाजाही करनी पड़ती है। इसका फायदा असामाजिक तत्व भी उठाते हैं। स्थानीय लोगों की मांग पर संस्था ने स्वयं पहल करते हुये विभिन्न मोहल्लों में स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। कई जगहों पर नया पोल लगाकर लाइटें चालू कर दी गई हैं, जिससे लोगों को काफी राहत मिली है। संस्था के सचिव ने यह भी कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने शहर में मौजूद विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिये ह्यसमस्या समाधान केंद्रह्न की स्थापना की है। यहां लोग अपनी समस्या लेकर आते हैं चाहे वह सफाई संबंधी हो, सड़क की समस्या हो, नाली-जल निकासी की दिक्कत हो या स्ट्रीट लाइट खराब होने की शिकायत। संस्था इन शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करती है और समाधान सुनिश्चित करती है। शहर के कई निवासी संस्था की त्वरित कार्रवाई से प्रभावित होकर लगातार अपनी शिकायतें यहां दर्ज करा रहे हैं। श्री माली ने कहा कि संस्था का लक्ष्य है कि गढ़वा जिले को एक ऐसे शहर के रूप में विकसित किया जाय, जहां स्वच्छता, सुरक्षा और सामाजिक सहयोग की मिसाल दी जा सके। उन्होंने बताया कि संस्था के सभी पदाधिकारी और सदस्य लगातार समाज सेवा में लगे हुये हैं। मौके पर प्रलय पासवान, गोलू कुमार, मनोज ठाकुर, राजेश दुबे, पिंटू चौबे, राजा दुबे, मनीष कुमार, हरेंद्र कुमार आदि लोग शामिल थे।

## पूर्व मुखिया बने सहायक आचार्य, विधायक प्रतिनिधि ने किया सम्मानित

बंशीधर न्यूज

**मेराल :** प्रखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी के पूर्व मुखिया सुषमा कुशवाहा को सहायक आचार्य के पद पर नियुक्ति होने पर रविवार को विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने अपने दर्जन पर सहयोगियों के साथ उनके घर जाकर सम्मानित किया। इस अवसर लालमोहन ने कहा कि श्रीमती सुषमा कुशवाहा की इस सफलता पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मेराल



पूर्वी के लोकप्रिय मुखिया रही सौम्य और शालीन स्वभाव की सुषमा कठिन मेहनत कर इस उपलब्धि को हासिल किया है जो युवाओं के लिये प्रेरणा स्त्रोत है। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समय में किसी उच्च अधिकारी बनकर गांव का नाम रोशन करेगी। मौके पर लोगों ने संयुक्त रूप से सुषमा कुशवाहा और उनके पति सहायक अध्यापक विनोद कुशवाहा को बुके देकर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में एसबी एकेडमी के निदेशक मदन यादव, रोहित कुमार, उदय मेहता, सुधांशु शेखर, रामकुमार महतो, देवव्रत कुमार मेहता, चंदेश्वर महतो, वीरेंद्र नाथ महतो, रमेश महतो, सीता कुमारी, वीरेंद्र चौधरी, विकास कुमार, विनय कुमार आदि शामिल थे।

### एनसीपी ने निकाय चुनाव की तैयारी की तेज, कोमल को मिली अहम जिम्मेदारी



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला में रविवार को एनसीपी पार्टी की ओर से चाईबासा परिसदन में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनसीपी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंडझ्रउड़ीसाझ्रबिहार (नगर निकाय) प्रभारी डॉ. पवन पांडेय ने कहा कि पार्टी आगामी झारखंड निकाय चुनावों में पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेगी। उन्होंने बताया कि चुनावी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और इसी क्रम में वह पश्चिम सिंहभूम जिले के दौरे पर पहुंचे हैं। डॉ. पांडेय ने घोषणा की कि चाईबासा और चक्रधरपुर नगर परिषद क्षेत्रों में एनसीपी, चाईबासा विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी कोमल निमा सोरेन के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी। संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से उन्हें पश्चिम सिंहभूम (नगर निकाय) अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में मजबूत संगठनात्मक ढांचा तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत हर बूथ पर 20 युवाओं की टीम के साथ पांच महिलाओं को भी जोड़ा जाएगा ताकि बूथ स्तर पर मजबूत कमेटी बनाई जा सके। डॉ. पांडेय के अनुसार, बूथ कमेटी के मजबूत होने से पार्टी का संदेश जमीनी स्तर तक आसानी से पहुंच सकेगा और महिलाओं की भागीदारी भी और अधिक बढ़ेगी। डॉ. पांडेय ने कहा कि चाईबासा क्षेत्र में बड़े वाहनों के नो एंट्री नियमों, औद्योगिक वायु एवं जल प्रदूषण के खतरों और स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों पर पार्टी जल्द ही आंदोलन करेगी। प्रेस वार्ता में पश्चिमी सिंहभूम प्रभारी विल्सन कुल्लू, विवेक पासवान, अजय गोप और कनक सोरेन भी मौजूद थे।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर जेएलकेएम ने चलाया सदस्यता अभियान

**खूंटी।** झारखंड के खूंटी में होने वाले आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (केएलकेएम) ने जिले के सभी वार्डों में सदस्यता अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में रविवार को खूंटी के पातराटोली के अरुण प्रधान और तोरपा प्रखंड की सखी देवी ने पार्टी की सदस्यता ली। केएलकेएम के जिला अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर ने कहा कि केएलकेएम हमेशा विकसित, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड की पक्षधर रही है। आने वाले चुनाव में पार्टी खूंटी के 19 वार्डों में मतदाताओं को जागरूक कर संगठन को मजबूत करेगी। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि सदस्यता अभियान आने वाले दिनों में और व्यापक स्तर पर चलेगा। कार्यक्रम में जिला महासचिव विक्रम महतो, जिला सचिव मुन्ना कुमार, जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार, संगठन महामंत्री विश्वकर्मा उरांव, एसटी मोर्चा अध्यक्ष सुरेश टोपनो, संगठन सचिव मंटू स्वासी, हेमंत गंजू, कार्तिक कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## योगदा सत्संग सोसाईटी रांची की ओर से 400 जरूरतमंद के बीच किया गया कंबल वितरित

# ठंड में जरूरतमंदों को कंबल ओढ़ाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य : एसडीएम

बंशीधर न्यूज

**मेराल :** योगदा संत्संग सोसाईटी ऑफ इंडिया रांची के त्तत्वावधान में रविवार को प्रखंड के रजहारा मध्य विद्यालय में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर रजहारा, सेराशाम बनुआ आदि गांव के करीब 400 जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गढ़वा एसडीओ संजय कुमार पाण्डेय ने दीप जलाकर किया। इस अवसर



बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुये एसडीओ श्री पाण्डेय ने योगदा सत्संग सोसाईटी के सेवा कार्य की काफी सराहना करते हुये कहा कि ठंढ में जरूरतमंदों को कंबल ओढ़ाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त किया कि योगदा सोसाईटी द्वारा राजहारा गांव में केंद्र बनाकर आध्यात्मिक और सेवा कार्य करने का निर्णय लिया है। उन्होंने योगदा के स्थानीय प्रतिनिधि सारिका सिंह को इसका श्रेय देते हुये उनके विचारों की प्रशंसा की। इसके पूर्व योगदा की प्रतिनिधि समाज सेविका सारिका सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुये योगदा सत्संग सोसाईटी के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि योगदा धर्म और सेवा के क्षेत्र में भारत सहित कई देशों में भी कार्य कर रहा है। इस क्षेत्र में योगदा सोसाईटी ने उनके निवेदन पर केंद्र बनाकर कार्य करने की स्वीकृति प्रदान की है। उनका प्रयास होगा कि इसका लाभ इस संपूर्ण क्षेत्र के लोगों को मिले। आज लोग जिस तरह से शांति की तलाश में भटक रहे हैं, उन्हें योगदा के प्रयास से लाभ मिलेगा। इस अवसर पर गायत्री परिवार महिला मंडल की जिला प्रभारी शोभा पाठक ने महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुये कहा कि महिलाएं अबला नहीं है। बस उन्हें अपने आपको पहचानने की जरूरत है। महिला कहीं से भी पुरूषों से पीछे नहीं रही हैं। कार्यक्रम में मुखिया संजय राम, बीडीसी अनिता देवी, गायत्री परिवार के विनोद पाठक, गढ़वा पीएलवी मुरली श्याम तिवारी, जनक विकास धारा ऑगेर्नाईजेशन के रामाशंकर चौबे, समाजसेवी विनोद सिंह, राजेश्वर सिंह, शिक्षक रघुराई राम, जगदीश्वर सिंह, रमेश बैठा, देवीशरण गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन शंभू राम ने किया।



## दिनेश विजान के हॉरर यूनिवर्स की नई स्टार बनीं दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण अब अपने करियर का सबसे खौफनाक अवतार लेकर बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार हैं। मैडॉक फिल्म्स के हॉरर यूनिवर्स में उनकी एंट्री की चर्चा ने ही दर्शकों के बीच रोमांच बढ़ा दिया है। इस बार दीपिका ना तो ग्लैमरस किरदार में नजर आएंगी, न ही किसी एक्शन पैकेज में बल्कि एक ऐसी भूतनी के रूप में सामने आएंगी जो दर्शकों के रोंगटे खड़े कर देगी। माना जा रहा है कि उनका यह अवतार मैडॉक की हॉरर फ्रेंचाइजी में अब तक का सबसे यादगार अनुभव साबित हो सकता है। हाल ही में दीपिका को मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया, जिससे उनकी अगली फिल्मों को लेकर अटकलें तेज हो गईं। रिपोर्ट्स की मानें तो निमार्ता दिनेश विजान ने स्त्रीवर्स को और बड़ा करने के लिए दीपिका को दो दमदार फिल्मों का ऑफर दिया है एक रहस्यमयी बंगाली भूतनी 'शाखचूनी' का रोल, जो हॉरर यूनिवर्स में शामिल होगा। दूसरा ग्रैंड फैंटेसी एपिक, जिसमें दीपिका मुख्य नायिका के रूप में नजर आएंगी। शाखचूनी बंगाल की प्रचलित लोककथाओं की एक डरावनी आत्मा मानी जाती है, अधिकतर ऐसी विवाहिता महिला की आत्मा, जिसकी मृत्यु के बाद भी उसकी बेचैनी खत्म नहीं होती। लाल-सफेद साड़ी और भयावह रूप में दिखने वाली इस आत्मा का किरदार दीपिका के लिए पूरी तरह नया और बेहद चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है। उनकी मौजूदगी स्त्रीवर्स की कहानी को और ज्यादा डार्क, रोमांचक और अलग लेवल का हॉरर देने का वादा करती है।

## बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'तेरे इश्क में' का जलवा जारी



धनुष और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरे इश्क में' ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धमाका कर दिया है। पहले दिन शानदार शुरूआत करने वाली यह फिल्म दूसरे दिन भी अपने उफान पर बनी रही। सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ लगातार बढ़ती दिखी और इसकी मजबूत पकड़ ने साफ कर दिया कि यह फिल्म दर्शकों के दिलों में जगह बना चुकी है। रोमांस और इमोशन से भरी इस म्यूज़िकल लव स्टोरी ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकिंग वेबसाइट सैकनिल्क के शुरूआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म ने पहले दिन 16 करोड़ की शानदार कमाई की थी। वहीं दूसरे दिन भी इसकी रफ्तार कम नहीं हुई और इसने 17 करोड़ रुपये अपने खाते में जोड़ लिए। इस तरह सिर्फ 2 दिनों में 'तेरे इश्क में' का कुल कलेक्शन 33 करोड़ रुपये पहुंच गया है, जो इस जॉनर की फिल्मों के लिए काफी बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। फिल्म में धनुष ने शंकर का किरदार निभाया है, एक ऐसा युवक जो गुस्सैल, जिद्दी और बेपरवाह है। मगर उसकी जिंदगी तब करवट लेती है, जब उसे कॉलेज में पढ़ने वाली मुक्ति (कृति सैनन) से प्यार हो जाता है। शंकर का एकतरफा इश्क फिल्म की रीढ़ है और इसका असर अब सोशल मीडिया पर भी दिखाई दे रहा है। फैंस लगातार शंकर के डायलॉग, लुक और इमोशंस को शेयर कर रहे हैं।

## चक्रवाती तूफान दित्वा से तमिलनाडु में तीन मौतें, उड़ानें-ट्रेनें रद्द, 57 हजार हेक्टेयर फसल जलमग्न



# हिन्दुत्व, भारत की आत्मा है: दत्तात्रेय होसबाले

**इन्दौर।** पुराणों और दुनिया के विभिन्न विद्वानों ने हिन्दू और हिन्दुस्तान को अलग-अलग कालखंडों में परिभाषित किया। भारत, मानव धर्म का देश है, जो सृष्टि में एकत्व का दर्शन करता है, इसकी सृष्टि के प्रति कृतज्ञता की दृष्टि है। यहां पुरुषार्थ के आधार पर आत्मा की मुक्ति के प्रयासों के पुरुषार्थ और सत्य को जीवन में आचरण में लाने का उद्देश्यपूर्ण जीवन है।

यह मानव धर्म विश्व को बताने वाले हिन्दू है, जिनके जीवन में यह परिलक्षित भी होता है। इसी कारण यह हिन्दू धर्म है। अतः हिन्दू एक भू-सांस्कृतिक अवधारणा है। हिन्दू धर्म संवेदना, कर्तव्य, गुण ( कैरेक्टरीस्टिक ) और जीवन शैली के साथ उपासन पद्धति से संबंधित है। मानव कल्याण के लिये धर्म की संकल्पना में हिन्दुओं का महानतम योगदान है। हिन्दू धर्म को आचरण में लाने वाले सभी मत-पंथ हिन्दूत्व के अंग हैं। उपर्युक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने संघ स्थापना के शातब्दी वर्ष में इन्दौर में रविवार को रवीन्द्र नाट्यगृह में आयोजित प्रमुख नागरिक गोष्ठी में व्यक्त किए।



गोष्ठी के प्रथम सत्र में संघ यात्रा के सौ वर्ष विषय पर अपने संबोधन में होसबाले ने संघ स्थापना की पृष्ठभूमि और उद्देश्य को स्पष्ट किया। संगठन के अभाव, आचरण में धर्म को छोड़ने, पराधीनता के काल में सांस्कृतिक आत्महीनता और स्वार्थ केन्द्रित लालसा के कारण समाज पतन की ओर अग्रसर हुआ एवं पराधीन भी हुआ। अतः व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय चारित्र्य से युक्त समाज के निर्माण के लिये पूजनीय डॉ. हेडगेवार जी ने संघ की स्थापना की। इस हेतु संगठन और संगठन हेतु शाखा पद्धति विकसित की। प्रशिक्षित कार्यकताओं द्वारा समाज जीवन में भारत केन्द्रित विचार पर चलने वाले संगठन खड़े किये।

उन्होंने कहा कि पूजनीय गुरूजी ने संघ के वैचारिक अधिष्ठान को पुष्ट किया और कार्यकताओं के लिये प्रेरणा नेतृत्व दिया। अपने अलौकिक नेतृत्व से समाज के प्रमुख लोगों से संवाद कर संघकार्य को आगे बढ़ाया। आपदाओं में संघ कार्यकर्ता सदैव अग्रणी रहे हैं। आपातकाल में अपार कष्ट सहते हुए लोकतंत्र की पुनर्स्थापना का कार्य संघ ने किया। रामजन्मभूमि आंदोलन और स्वदेशी भाव के जागरण में संघ का कार्य सर्वविदित है। सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि संगठन विस्तार के साथ ही समाज परिवर्तन के विविध कार्य जैसे एकल विद्यालय, एक लाख से अधिक सेवा कार्य समाज के सहयोग से संघ ने किये हैं। 1995 के पश्चात् समाज की सज्जनशक्ति के सहयोग से धर्म-जागरण, ग्राम-विकास, गौसेवा, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, परिवार-प्रबोधन गतिविधियों द्वारा व्यवस्था परिवर्तन के कार्य में संघ लगा है। भारत के गौरव-बोध और अस्मिता के लिये संघ ने विवेकानंद शिला-स्मारक और श्री रामजन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के आंदोलन में सहभागिता भी की। उन्होंने कहा कि संघ कार्य एक राष्ट्रीय आंदोलन है, यह समाज का संगठन है। समाज को संगठित करना संघ का कार्य है। समाज में समाधान ढूंढने का कार्य अपने को करना है, अपने जीवन का उदाहरण प्रस्तुत करना है, इससे विश्वास जागृत होता है। द्वितीय सत्र में हिन्दुत्व विषय पर अपने उद्बोधन में आपने हिन्दुत्व को भारत की पहचान बताया। हिन्दुत्व का मार्ग ह्यभीह्ल का मार्ग है। ईश्वर इस मार्ग से भी प्राप्त हो सकता और उस मार्ग से भी, यह हिन्दू विचार है। ऐसा बोलने वाला समाज हिन्दू है, इस भूमि में रहने वाले इस समाज के कारण यह हिन्दू राष्ट्र है। इसी एक संस्कृति की विविध अभिव्यक्तियां हैं, परंतु संस्कृति का मूल एक है। हिन्दुत्व, हिन्दू और हिन्दू राष्ट्र भारत की पहचान है। आचरण की एकता, वचनों की दृढ़ता और संबंधों की संस्कृति की एकात्मकता पूरे देश में एक समान है।

### कार्यक्रम के अंतिम सत्र में सरकार्यवाह

होसबाले ने आगंतुकों की जिज्ञासायों का समाधान किया। इस सत्र में आपने कंवर्जन, सिक्ख-पंजाब विषय, नशा, आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस, युवाओं की भूमिका, भ्रष्टाचार और हिन्दुत्व संबंधित समसामयिक और प्रासंगिक प्रश्नों के समाधान के साथ ही भारत को विश्व गुरु बनाने के लिये पूरे समाज का आह्वान किया। सामाजिक समरसता, कुटुंब-प्रबोधन, पर्यावरण-केन्द्रित जीवन-शैली, जीवन में स्वदेशी के आग्रह और नागरिक कर्तव्यों के पालन हेतु सभी को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कन्वर्जन से संबंधित प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि धर्म-जागरण, सेवा कार्य, सामाजिक समरसता, साधु-संतों के प्रवास और कानून के कठोरता पूर्वक पालन से कंवर्जन पर रोक लग सकती है। इतिहास गवाह है कि हिंदू कनवर्जन नहीं करता।

## तंबाकू, पान मसाला पर जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की जगह लेने वाले विधेयक लोकसभा में होंगे पेश

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति उपकर खत्म होने के बाद भी तंबाकू, पान मसाला और अन्य हानिकारक वस्तुओं पर कुल कर भार समान बनाए रखने के लिए दो विधेयक को लोकसभा में पेश कर सकती है। इन विधेयक के जरिए जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर की जगह नया उपकर लगाया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 तथा स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 सोमवार को लोकसभा में पेश किए जाने के लिए सूचीबद्ध किए गए हैं। इसको केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पेश करेंगी। इन विधयेकों के जरिए सरकार मौजूदा जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर को बदलकर नई टैक्स व्यवस्था लागू करना चाहती है, ताकि टैक्स की कुल राशि पहले जैसी बनी रहे। जानकारों के मुताबिक केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक, 2025 के तहत सिगरेट सहित विभिन्न तंबाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क लगाया जाएगा, जो तंबाकू पर लगाए जा रहे जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेगा। वहीं, स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 पान मसाला पर लगाए जाने वाले मुआवजा उपकर की जगह लेगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े खर्चों के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाना है। इसके तहत उन मशीनों या प्रक्रियाओं पर उपकर लगाया जाएगा, जिनके माध्यम से उक्त वस्तुओं का निर्माण या उत्पादन किया जाता है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में तंबाकू और पान मसाला पर 28 फीसदी का जीएसटी लगाया जाता है और इसके साथ ही अलग-अलग दरों पर मुआवजा उपकर भी वसूला जाता है।

## कैलिफोर्निया में जन्मदिन समारोह में गोलीबारी, 4 की मौत, 10 घायल

**कैलिफोर्निया।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के सेंट्रल वैली के स्टॉकटन शहर में रविवार शाम जन्मदिन समारोह में हुई गोलीबारी में 4 लोगों की मौत हो गई। घटना में कम से कम 10 अन्य लोगों को गोली है। यह वारदात स्टॉकटन से करीब छह मील उत्तर में ल्यूसिल एवेन्यू के पास शाम करीब छह बजे हुई। सीएनएन और सीबीएस न्यूज चैनल की रिपोर्ट में पुलिस और सैन जोकिन काउंटी शेरिफ ऑफिस के हवाले से घटना की जानकारी दी गई। पुलिस और शेरिफ ऑफिस का कहना है कि संदिग्ध फरार है। शेरिफ ऑफिस की प्रवक्ता हीथर ब्रेंट ने बताया कि गोलीबारी ल्यूसिल एवेन्यू के पास डेयरी क्वीन के पीछे एक बैंक्वेट हॉल में हुई। बैंक्वेट हॉल में पारिवारिक समारोह चल रहा था। गोली लगने से घायल सभी लोगों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा, "शुरूआती संकेतों से पता चलता है कि घात लगाकर गोलीबारी की गई। इस समय जानकारी बहुत ही सीमित है।" उन्होंने कहा कि शेरिफ ऑफिस जांच कर रहा है। स्टॉकटन के वाइस मेयर जेसन ली ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, गोलीबारी एक बच्चे की जन्मदिन पार्टी में हुई। इसमें परिवार और अन्य कुछ करीबी मित्र शामिल थे। ब्रेंट ने कहा कि अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## दो महामंडलेश्वर जूना अखाड़े से निष्कासित

**हरिद्वार।** हरिद्वार में 2027 के अर्धकुम्भ को कुंभ के रूप में दिव्य व भव्य तरीके से मनाए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दो दिन पूर्व अखाड़ों के संतों के साथ हरिद्वार में बैठक की थी। इस बैठक पर सवालिया निशान लगा कर अखाड़े के खिलाफ बयान बाजी करने और संतों की मयार्दा के खिलाफ आचरण करने के आरोप में श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़े ने दो संतों को तत्काल प्रभाव से अखाड़े से निष्कासित कर दिया। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत मोहन भारती महाराज ने अखाड़े के अनुशासन, मयार्दा और परंपराओं के उल्लंघन के आरोप में महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी महाराज तथा महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि महाराज को तत्काल प्रभाव से अखाड़े से बाहर कर दिया है। मुख्यमंत्री द्वारा कुंभ तैयारियों को लेकर की गई समीक्षा बैठक के प्रति इन संतों की कथित विवादित टिप्पणियां और संगठन के विरुद्ध बयानबाजी अखाड़े की गरिमा के विपरीत मानी गई। इसके बाद अखाड़े की शीर्ष पंचायत ने अनुशासनात्मक कार्रवाई का निर्णय लिया।

### अभाविप अधिवेशन में बांग्लादेशी घुसपैठ सहित कुल पांच प्रस्ताव पारित -यह राष्ट्रीय अधिवेशन राष्ट्र निर्माण का एक पवित्र यज्ञ है : मुख्यमंत्री

# अभाविप का तीन दिवसीय 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन, शामिल हुए 46 प्रांतों के 1500 प्रतिनिधि

**देहरादून।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का तीन दिवसीय 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन 28 से 30 नवंबर के मध्य देवभूमि उत्तराखंड के द्रोणनगरी के परेड ग्राउंड पर बसाए गए भगवान बिरसा मुंडा नगर' में आयोजित हुआ। अधिवेशन में समाज, शिक्षा, पर्यावरण,सुरक्षा और समाज परिवर्तन का वाहक बने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन के पश्चात प्रस्ताव पारित किए गए। अधिवेशन में लघु भारत, अनेकता में एकता और विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत के दर्शन करने के अवसर के साथ ही विकसित भारत और युवा भविष्य को लेकर कई ऐतिहासिक अनुभवों का गवाह बना और भारत की गंगा-जमुनी तहजीब देखने को मिली। राष्ट्रीय अधिवेशन के अंतिम दिवस पर 'पर्याप्त वित्तीय आवंटन सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों को एक संरचना के अंतर्गत लाने की आवश्यकता','बांग्लादेशी घुसपैठः राष्ट्रीय सुरक्षा एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चुनौती','मानवीय क्रियाकलापों से उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं के निवारण के लिए समाज की भूमिका', और 'विभाजनकारी ताकतों के विरुद्ध संगठित समाज ही समाधान' विषयक इन चार प्रस्तावों को प्राप्त सुझावों के अनुसार संशोधन के उपरांत पारित किया गया। कुल पांच प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए थे,जिनमें से 'समाज परिवर्तन का वाहन बने युवा' प्रस्ताव को राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक में पूर्व ही पारित किया जा चुका था। इसके उपरांत प्रो. यशवंतराव केलकर पुरस्कार समारोह आयोजित हुआ और अंत में अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की गई। देवभूमि उत्तराखंड में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 71 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के अंतर्गत प्रा. यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार समारोह में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पुरस्कार से गोरखपुर के श्रीकृष्ण पाण्डेय को पुरस्कृत किया। श्रीकृष्ण पांडेय ह्यआजादह्ल 'स्माइल रोटी बैंक फाउंडेशन' के संस्थापक हैं और दो हजार से अधिक निराश्रित मनोरोगियों के उपचार-पुनर्वास, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन, नशामुक्ति, स्वच्छता-पर्यावरण संरक्षण और दो पुनर्वास केंद्रों के संचालन के माध्यम से समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदन दिया है। प्रा.यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार प्राप्तकर्ता श्रीकृष्ण पाण्डेय ह्यआजादह्ल ने कहा कि एक लाख रुपये की निधि को मैं भारतीय मनोरोगियों की सेवा के लिए यहीं समर्पित करता हूं।




प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)